Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 25 May 2024

Dainik Jagran Page - 02, 05

गोवि और कालेजों में आज से चलेगा वृहद मतदाता जागरूकता अभियान

जासं, गोरखपुर : गोरखपुर विश्वविद्यालय ने लोकसभा चुनाव के सातवें व अंतिम चरण का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कदम आगे बढ़ाया है। इस क्रम में परिसर और संबद्ध कालेजों में 25 मई से वृहद मतदाता जागरूकता अभियान चलाने जा रहा है। कुलपति प्रो.पूनम टंडन के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान से करीब साढ़े तीन सौ कालेज जुड़ेंगे। विश्वविद्यालय व कालेजों के विद्यार्थी अभियान चलाकर लोगों से मिलेंगे और उन्हें बढ़चढ़ कर मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

विद्यार्थी लोगों से अपील करेंगे कि 10-10 लोगों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करें और मतदान के लिए प्रेरित करें। कुलपति खुद गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर के विभिन्न कालेजों में जाकर इस अभियान में शामिल होंगी।

एमए अर्थशास्त्र व उर्दू का परीक्षाफल घोषित

गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कालेजों के सत्र 2023-24 के विभिन्न कक्षाओं के परिणाम आने जारी हैं। परीक्षा नियंत्रक डा.कुलदीप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को एमए अर्थशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर, एमए उर्दू द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर, एमए हिन्दी द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी पर्यावरण विज्ञान के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। संबंधित विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षाफल देख सकते हैं। विज्ञप्ति

तकनीक का न्यायिक सुरक्षा प्रदान करना जरूरी

गोरखपुर: पीसी के कृषि एवं प्राकृतिक विज्ञान संस्थान में 'करंट इंटरेस्टेड इन एग्रोक्लाइट रिसर्च' विषय पर सात दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स का ऑनलाइन शुभारंभ मुख्य अतिथि रामचेत चौधरी ने कहा कि संशोधक के लिए तकनीक का न्यायिक सुरक्षा प्रदान करना भी बेहद महत्वपूर्ण है। आईसीएआर, नईदिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मोहन राव ने अपने लक्ष्यों के विषय में नई किस्में विकसित करने के लिए प्रो. ब्रीडिंग के महत्व को रेखांकित किया। आईसीएआर-राष्ट्रीय पादप जैव प्रौद्योगिकी संस्थान,नई दिल्ली के चालक डॉ. रविंद्र कुमार चिकारा ने जानकारी दी। प्रो. विनय सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

गोवि के महिला हास्टल की छात्राओं को मिली राहत

गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रावास खाली कराए जाने समेत विभिन्न निर्णयों के विरोध में लगातार तीन दिनों तक प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को बड़ी राहत मिली है। कुलपति प्रो. पूनम टंडन से हुई वार्ता में छात्राओं को पांच में से तीन मुद्दों पर आंशिक जीत मिली है।

हास्टल खाली कराने के विश्वविद्यालय प्रशासन के निर्णय से नाराज रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास और अलकनंदा छात्रावास की छात्राएं लगातार तीन दिन तक मुख्य गेट पर धरना दिया। तीसरे दिन रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास की छात्राओं ने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार तक जुलूस भी निकाला था। शुक्रवार को दिन भर संगठन की अंजली के नेतृत्व में छात्राओं का एक प्रतिनिधिमंडल कुलपति से मिला। अंजली के मुताबिक कुलपति ने समस्याओं को सुनने के बाद तीन मुद्दों पर आश्वासन दिया है। कुलपति ने कहा कि छात्राओं की समान रखने के लिए स्टोर कम दिया जाएगा। इस बार छात्रावासों का अलाटमेंट जुलाई में ही हो जाएगा।

Amar Ujala page - 07

डीडीयू में आज से शुरू होगा मतदाता जागरूकता अभियान

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कालेजों में शनिवार से वृहद मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कुलपति प्रो. पूनम टंडन देवरिया, कुशीनगर तथा गोरखपुर में स्थित कुछ महाविद्यालयों में इस अभियान में शामिल होंगी।

अभियान का उद्देश्य विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को लोकतंत्र में मतदान की महत्ता बताई जाए और सभी को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जाए। कुलपति ने कहा कि आवश्यकता है कि सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को इस सघन अभियान से जोड़ा जाए तथा उनमें जागरूकता लाई जाए। ताकि वो लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। अभियान के तहत हर विद्यार्थी से आह्वान किया जाएगा कि वो 10 लोगों को उनके मताधिकार के बारे में जागरूक करें। शेष पृष्ठ 2 पर

वैल्यू एडेड कोर्स का शुभारंभ

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग में शुक्रवार को वैल्यू एडेड कोर्स का शुभारंभ कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने किया। केंद्रीय सिल्क शोध प्रशिक्षण संस्थान, मैसूर के पूर्व निदेशक डॉ. पंकज तिवारी ने जानकारी दी। विभागाध्यक्ष प्रो. रवि कांत उपाध्याय ने स्वागत किया। संचाद

भारतीय ज्ञान आचरण परक : प्रो. रहस विहारी

गोरखपुर। डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग की ओर से आयोजित वैल्यू एडेड कोर्स का शुक्रवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि प्रो. रहस विहारी द्विवेदी ने भारतीय ज्ञान परंपरा को आचरण परक बताया। विशिष्ट अतिथि प्रो. छाया रानी ने सांख्यदर्शन के आधार पर नीतितत्वों की व्याख्या की। डॉ. अरविंद तिवारी ने भी संबोधित किया। स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो. कीर्ति पांडेय, प्रतिवेदन डॉ. धर्मेंद्र सिंह, संचालन डॉ. सूर्यकांत त्रिपाठी और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. देवेंद्र पाल ने किया। संवाद

एमए अर्थशास्त्र और उर्दू का रिजल्ट जारी

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों के सत्र 2023-24 के विभिन्न कक्षाओं के परिणाम आने जारी हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को एमए अर्थशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर, एमए उर्दू द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर, एमए हिंदी द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी पर्यावरण विज्ञान के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। वेबसाइट पर परीक्षाफल देख सकते हैं। संवाद

तकनीक को न्यायिक सुरक्षा प्रदान करना जरूरी

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के कृषि एवं प्राकृतिक विज्ञान संस्थान में 'करंट इंटरेस्टेड इन एग्रोक्लाइट रिसर्च' विषय पर सात दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स का ऑनलाइन शुभारंभ मुख्य अतिथि पद्मश्री रामचेत चौधरी, आईसीएआर, नई दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मोहन राव ने अपनी बातें रखीं। डॉ. रविंद्र जोशी ने जानकारी अनुकूल फसलें तैयार करने के तरीके बताए। स्थापना कृषि संस्थान के निदेशक प्रो. प्रवर सिंह ने किया। संचाद

Amar Ujala Select Page 04

एमए अर्थशास्त्र व उर्दू का रिजल्ट जारी

गोरखपुर। डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों के सत्र 2023-24 के विभिन्न कक्षाओं के परिणाम आने जारी हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को एमए अर्थशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर, एमए उर्दू द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर, एमए हिंदी द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी पर्यावरण विज्ञान के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। संबंधित विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षाफल देख सकते हैं।

वैल्यू एडेड कोर्स का शुभारंभ

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग में शुक्रवार को सात दिवसीय ऑनलाइन वैल्यू एडेड कोर्स का शुभारंभ कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने किया। उन्होंने छात्रों में कौशल विकास के जरिये नियोजन एवं कैपस प्लेसमेंट में इन कोर्सों की भूमिका पर जोर दिया। केंद्रीय सिल्क शोध प्रशिक्षण संस्थान, मैसूर के पूर्व निदेशक डॉ. पंकज तिवारी ने रेशम पालन पर जानकारी दी। विभागाध्यक्ष प्रो. रवि कांत उपाध्याय ने स्वागत किया। प्रो. विनय सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान प्रो. वीना बहा कुशवाहा, प्रो. केशव सिंह, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. आरपी यादव आदि मौजूद रहें।

मतदाता जागरूकता अभियान आज से

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में शनिवार से वृहद मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कुलपति प्रो. पूनम टंडन देवरिया, कुशीनगर तथा गोरखपुर में स्थित कुछ महाविद्यालयों में इस अभियान में शामिल होंगी। अभियान का उद्देश्य विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को लोकतंत्र में मतदान की महत्ता बताई जाए और सभी को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जाए। कुलपति ने कहा कि आवश्यकता है कि सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को इस सघन अभियान से जोड़ा जाए तथा उनमें जागरूकता लाई जाए। ताकि वो लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

Hindustan Page 04, 05

तकनीक को न्यायिक सुरक्षा मिलना जरूरी

गोरखपुर। डीडीयू के कृषि एवं प्राकृतिक विज्ञान संस्थान में 'करंट इंटरेस्टेड इन एग्रोक्लाइट रिसर्च' विषय पर सात दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स का ऑनलाइन शुभारंभ मुख्य अतिथि पद्मश्री रामचेत चौधरी ने कहा कि संशोधक के लिए तकनीक का न्यायिक सुरक्षा प्रदान करना भी बेहद महत्वपूर्ण है। आईसीएआर, नईदिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मोहन राव ने अपने लक्ष्यों के विषय में नई किस्में विकसित करने के लिए प्रो. ब्रीडिंग के महत्व को रेखांकित किया। आईसीएआर-राष्ट्रीय पादप जैव प्रौद्योगिकी संस्थान,नई दिल्ली के चालक डॉ. रविंद्र कुमार चिकारा ने जानकारी दी। प्रो. विनय सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

एमए अर्थशास्त्र और उर्दू का परीक्षाफल घोषित

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों के सत्र 2023-24 के विभिन्न कक्षाओं के परिणाम आने जारी हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ.कुलदीप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को एमए अर्थशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर, एमए उर्दू द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर, एमए हिंदी द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी पर्यावरण विज्ञान के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। संबंधित विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षाफल देख सकते हैं।

डीडीयू में विद्या परिषद की बैठक आज

गोरखपुर। डीडीयू में विद्या परिषद की बैठक शुक्रवार को होगी। इसमें फार्मेसी, पी-पीएचडी कोर्स वर्क, चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम आदि प्रस्तावों को मंजूरी मिलेगी। बैठक संडर भवन में पूर्वाह्न 11 बजे से होगी। विद्या परिषद की बैठक को लेकर डीडीयू प्रशासन ने एजेंडा तैयार कर लिया है। इसमें करीब 9 प्रस्तावों पर मुहर लगने की संभावना जताई जा रही है।

भारतीय ज्ञान परंपरा आचरण परक

गोरखपुर। डीडीयू के संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित वैल्यू एडेड कोर्स का शुक्रवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि प्रो रहस विहारी द्विवेदी ने भारतीय ज्ञान परंपरा को आचरण परक बताते हुए कहा कि जिसमें नैतिक मूल्य नहीं हैं वह मनुष्य नहीं कहा जा सकता। विशिष्ट अतिथि प्रो. छाया रानी ने सांख्यदर्शन के आधार पर नीतितत्वों की व्याख्या की। विशिष्ट अतिथि डॉ अरविंद तिवारी ने भी संबोधित किया। स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो. कीर्ति पांडेय, प्रतिवेदन डॉ धर्मेंद्र सिंह, संचालन डॉ सूर्यकांत त्रिपाठी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. देवेंद्र पाल ने किया।

वैल्यू एडेड कोर्स का हुआ शुभारंभ

गोरखपुर। डीडीयू के प्राणी विज्ञान विभाग में शुक्रवार को सात दिवसीय ऑनलाइन वैल्यू एडेड कोर्स का शुभारंभ कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने किया। उन्होंने छात्रों में कौशल विकास के जरिए नियोजन एवं कैम्पस प्लेसमेंट में इन कोर्सों की भूमिका पर जोर दिया। केंद्रीय सिल्क शोध प्रशिक्षण संस्थान, मैसूर के पूर्व निदेशक डॉ.पंकज तिवारी ने रेशम पालन पर जानकारी दी।

विभागाध्यक्ष प्रो. रवि कांत उपाध्याय ने स्वागत किया। प्रो. विनय सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

Inext Page - 04

बीए, बीएससी और बॉयो ऑनर्स बना स्टूडेंट्स के लिए फर्स्ट च्वॉइस...

Rashtriya Sahara Page - 05, 06

मतदाताओं को आज जगाएगी टीम

गोरखपुर(एसएनबी)। गोविवि. की कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अगुआई में विवि के आधर्मों की एक टीम रविवार से तीन दिनों तक मंडल के जनपदों के मतदाताओं को मतदान के लिए जगाने निकलेगी। टीमवार को देवरिया जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों एवं आस-पास के गांवों में टीम के सभ कुलपति स्वयं इस अभियान में शामिल होंगी।

अंतिम चरण के 01 जून को होने वाले लोक सभा चुनाव में आम जनमानस की बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विवि तथा विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में वृहद मतदाता जागरूकता अभियान रविवार से प्रारंभ हो रहा है। कुलपति प्रो. टंडन स्वयं देवरिया, कुशीनगर तथा गोरखपुर में स्थित कुछ महाविद्यालयों तथा उसके आस-पास के गांवों में जाकर ग्रामीण मतिलाओं एवं पुरुषों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगी। विवि से संबद्ध 300 से अधिक महाविद्यालयों में करीब 3 लाख विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। अभियान का मकसद है इन सभी महाविद्यालयों के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को लोकतंत्र में मतदान की महत्ता बताई जाए और सभी को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को इस अभियान से जोड़ना मकसद : कुलपति

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा है की सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को इस सफल अभियान से जोड़ने की जरूरत है। जिससे वे लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक विद्यार्थी को आह्वान किया जाएगा की वो 10 लोगों को उनके मताधिकार के बारे में जागरूक करें जिससे वो मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें।

अपनी वेबसाइट पर शुरू किया है वोटर्स-चाल

कुलपति ने मतदान करने के उपरान्त सेल्फी अपलोड कर वोटर्स-चाल का शुभारम्भ किया है। विवि परिवार ने अपने मातदाताओं को जागरूक करने के लिए उनकी सेल्फी अपलोड करने की कवायद शुरू कर दी है। जिसके तहत विवि से जुड़े सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक, कर्मचारी एवं अधिकारी-गण मतदान करने के बाद अपनी सेल्फी वेबसाइट पर अपलोड करेंगे।

डीडीयू शुरू कर रहा वृहद मतदाता जागरूकता अभियान

Swatantra Bharat

विवि: आज से शुरू होगा मतदाता जागरुकता अभियान

कुलपति की अगुआई में सभी 300 से अधिक संबद्ध महाविद्यालयों में चलेगा यह अभियान

स्वतंत्र भारत संवाददाता

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन की अगुआई में लोक सभा चुनाव में 1 जून को होने वाले लोक सभा चुनाव में आम जनमानस की बढ़ चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय तथा विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में वृहद मतदाता जागरूकता अभियान आज से शुरू करने जा रहा है।

कुलपति प्रो पूनम टंडन स्वयं देवरिया, कुशीनगर तथा गोरखपुर में स्थित कुछ महाविद्यालयों में इस अभियान में शामिल होंगी।

विश्वविद्यालय से संबद्ध 300 से अधिक महाविद्यालयों में करीब 3 लाख विद्यार्थी अध्ययन कर रहे है। अभियान का मकसद है इन सभी महाविद्यालयों के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को लोकतंत्र में मतदान की महत्ता बताई जाए और सभी को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जाए। कुलपति ने कहा की आवश्यकता है की सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को इस सघन अभियान से जोड़ा जाए तथा उनमें जागरूकता लाई जाए। ताकि वो लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक विद्यार्थी को आह्वान किया जाएगा की वो 10 लोगों को उनके मताधिकार के बारे में जागरूक करें जिससे वो मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही हमारा लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक परम्परा को अधिक समृद्ध बनाने, संवैधानिक कर्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है।

विश्वविद्यालय ने अपनी वेबसाइट पर वोटर्स-चाल की कि है शुरुआत: कुलपति प्रो. पूनम टण्डन ने मतदान करने के उपरान्त सेल्फी अपलोड कर वोटर्स-चाल का शुभारम्भ किया है। विश्वविद्यालय-परिवार ने अपने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उनकी सेल्फी अपलोड करने की कवायद शुरू कर दी है। जिसके तहत विश्वविद्यालय से जुड़े सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक, कर्मचारी एवं अधिकारी-गण मतदान करने के बाद अपनी सेल्फी वेबसाइट पर अपलोड करेंगे। सेल्फी अपलोड होने के उपरान्त वोटर्स-चाल पर दिखने लगेगी। इससे ना सिर्फ मतदाताओं में जागरूकता आएगी बल्कि उनको पहचान भी मिलेगी।

Gorakhpur Super Fast Times

प्रशिक्षित युवाओं के लिए सिल्क उत्पादन बन सकता रोजगार के अवसर : डॉ० पंकज तिवारी

- डीडीयू के प्राणी विज्ञान विभाग में वैल्यू एडेड कोर्स का हुआ शुभारंभ
- 381 पंजीकृत प्रतिभागियों में से 100 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल

डीडीयू के कृषि संस्थान में वैल्यू एडेड कोर्स का हुआ शुभारंभ

तकनीक का अधिकार करने के साथ तकनीक को सुरक्षा प्रदान करना भी बेहद महत्वपूर्ण-पद्मश्री रामचंद्र चौधरी

Nirvan Times

तीन सौ से अधिक संबद्ध महाविद्यालयों में चलेगा मतदाता जागरूकता अभियान : कुलपति

गोरखपुर विश्वविद्यालय आज से शुरू करेगा ,मतदाता जागरुकता अभियान

- कुलपति के निर्देशन में लगभग 300 से अधिक संबद्ध महाविद्यालयों में चलेगा यह अभियान
- कुशीनगर,गोरखपुर,देवरिया के संबद्ध महाविद्यालय में खुद शामिल होंगी कुलपति

डीडीयू में आज से शुरू होगा मतदाता जागरूकता अभियान

सिल्क उत्पादन व्यवसाय के लिए अच्छा विकल्प

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग में एक वैल्यू एडेड कोर्स का ऑनलाईन मोड में शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन ने की। आपने समसामयिक वैल्यू एडेड कोर्स की महत्ता तथा इसकी आवश्यकता के बारे में अपने उद्गार व्यक्त किये। उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्रों के जानकर्धन एवं कौशल विकास के जरिये विद्यार्थियों को रोजगारपरक नियोजन एवं सुखा वर्ग के लिए कैम्पस प्लेसमेंट में इन कोर्सों की भूमिका एवं महत्ता पर विशेष जोर दिया। मुख्य वक्ता डा पंकज तिवारी, पूर्व निदेशक, केन्द्रीय सिल्क शोध प्रशिक्षण संस्थान मैसूर, कर्नाटक ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में रेशम पालन की विस्तृत चर्चा की।

जूलॉजी डिपार्टमेंट में स्टार्ट हुआ वैल्यू एडेड कोर्स

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (24 May): डीडीयूजीयू के जूलॉजी डिपार्टमेंट में शुक्रवार को ऑनलाईन मोड में वैल्यू एडेड कोर्स को स्टार्ट किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता वीसी प्रो पूनम टंडन ने की. इस दौरान उन्होंने इस वैल्यू एडेड कोर्स की महत्ता और इनकी आवश्यकता के बारे में जानकारी दी. प्रोग्राम के मुख्य वक्ता डॉ. पंकज तिवारी रहे, जिसमें उन्होने रेशम पालन की विस्तृत चर्चा की. इस अवसर पर विभाग के प्रो. वीना कुशवाहा, प्रो केशव सिंह, डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, डा राम प्रताप यादव, डा सुशील कुमार, डा सुनील कुमार सिंह, डा मनीष प्रताप सिंह, डा पंकज श्रीवास्तव, डॉ. स्मिता सिंह, डा अरूधति सिंह, डा सुनैना गौत और डॉ. नुपूर श्रीवास्तव उपस्थित रहीं.